# उत्तर प्रदेश: तहसील स्तर पर अग्निशमन केंद्र रखने वाला पहला राज्य

## चर्चा में क्यों?

एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश जल्द ही **तहसील स्तर पर फायर स्टेशन बनाने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।**

## मुख्य बिंदु:

- इस कार्यक्रम के दौरान CM ने **वर्चुअली 38 फायर स्टेशनों का उद्घाटन** और शिलान्यास किया।
    - राज्य में यूपी फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज की स्थापना **वर्ष 1944** में हुई थी।
    - **वर्ष 2017 तक राज्य में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित थे, जबकि पिछले 7 वर्षों में 70** से अधिक नए फायर स्टेशन स्थापित किये गए हैं।
- CM ने **35 अग्निशमन वाहनों** को भी हरी झंडी दिखाई।
- उन्होंने जान-माल की हानि को कम करने हेतु फायर टेंडरों के लिये **प्रतिक्रिया समय को कम करने** को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।
- सरकार ने राज्य में **राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF)** की भी स्थापना की।

## राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF)

- यह आपदा प्रबंधन अधिनियम, **2005 की धारा 48 (1) (A) के तहत गठित, अधिसूचित आपदाओं की प्रतिक्रिया** के लिये राज्य सरकारों के पास उपलब्ध प्राथमिक निधि है।
- केंद्र सरकार सामान्य श्रेणी के राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिये **SDRF आवंटन का 75% और विशेष श्रेणी के राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों (पूर्वोत्तर राज्यों, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर)** के लिये 90% का योगदान करती है।
- वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार वार्षिक केंद्रीय योगदान दो समान किश्तों में जारी किया जाता है।
- SDRF का उपयोग केवल पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान करने के व्यय को पूरा करने के लिये किया जाएगा।
- SDRF, उत्तर प्रदेश का मुख्यालय **लखनऊ** में स्थित है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-first-state-to-have-fire-stations-at-tehsil-level